twitter.com/divyadelhi | facebook.com/divyadelhi | infodivyadelhi@gmail.com | Editor: Rajesh Chauhan

In Just 500 ₹
Get
Video AD +2 Days Free Marketing
Advertise On Leading News Channel
9891255609
9354173558
9891221238

DD
# दिव्य दिल्ली

RNI No. DELHI/2013/54397

divyadelhi.com | बुधवार, 02 अप्रैल, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 147, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में आज 12 बजे पेश होगा

### 8 घंटे चर्चा होगी, भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी ने व्हिप जारी किया

नई दिल्ली
केन्द्र सरकार वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश करेगी। कार्य मंत्रणा समिति ने इसके लिए 8 घंटे का समय तय किया है। विधेयक को आज प्रश्न काल के तुरंत बाद पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के बाद बताया कि सरकार 2 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेगी। इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। वहीं अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि सदन की सहमति होने पर इस समय को आगे बढ़ाया जा सकता है। विधेयक का विरोध कर रहे विपक्ष पर निशाना साधते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उनके बहाना बनाकर सदन से वाकआउट करने पर भी चर्चा जारी रहेगी। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति में व्यापक विचार-विमर्श के बाद लाया गया है। सरकार चाहती है कि सभी चर्चा में भाग लें। लोग चाहते हैं कि राजनीतिक दल विधेयक पर अपना मत रखें। बहस ऐतिहासिक होने वाली है।

बिल का विरोध करने की चेतावनी उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसे लागू करती है, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे। जयराम ने कहा कि हर विपक्षी पार्टी इसका विरोध कर रही है। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आप हर पार्टी इस विधेयक का विरोध कर रही है? जदयू और तेदेपा जैसी पार्टियां क्या करती हैं? जो पार्टियां खुद को पंथनिरपेक्ष कहती हैं, जो कहती हैं कि उनका पंथनिरपेक्षता में विश्वास है, उनका इस पर क्या रुख है?

रिजिजू ने किया अलग दावा
उधर संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दावा किया कि विधेयक के पक्ष में सिर्फ राजग ही एकजुट






### 'विपक्षी सांसद सिर्फ अपने नेताओं के डर की वजह से खुलकर नहीं बोल रहे'

**रिजिजू ने किया अलग दावा**
संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दावा किया कि विधेयक के पक्ष में सिर्फ राजग ही एकजुट नहीं है, बल्कि विपक्षी आईएनडीआईए के भी कई सांसदों ने इसका समर्थन करते हुए जल्द बिल लाने की मांग की है। विपक्षी सांसद सिर्फ अपने नेताओं के डर की वजह से खुलकर नहीं बोल रहे हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर कुछ राजनीतिक



दल और संगठन जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। दावा किया कि संशोधित विधेयक में गरीब-पिछड़े मुसलमानों और महिलाओं के भले के लिए प्रविधान किए गए हैं। कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि मुसलमानों की मस्जिदें, कब्रिस्तान और जमीन-जायदाद छीन ली जाएगी। जबकि यह कानून आजादी से पहले था और बाद में भी है। इसमें लगातार बदलाव भी किए गए तो अब असंवैधानिक कैसे हो गया? कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया ने भी पत्र लिखकर विधेयक का समर्थन किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि मौजूदा केंद्रीय वक्फ अधिनियम में कुछ प्रविधान संविधान और देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध हैं। कहा गया कि केरल में वक्फ बोर्ड ने मुनंबम क्षेत्र में 600 से अधिक परिवारों की पैतृक आवासीय संपत्तियों को वक्फ भूमि घोषित करने के लिए इन प्रविधानों का इस्तेमाल किया है।

### भाजपा, कांग्रेस, सपा, जदयू ने जारी किया व्हिप



नई दिल्ली
वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को बुधवार को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

भाजपा ने मंगलवार को सभी लोकसभा सांसदों को 2 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ. संजय जायसवाल ने सचेतकीय परिपत्र में कहा है कि लोकसभा में कुछ अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य पारित करने के लिए बुधवार (2 अप्रैल) को लाये जाएंगे। भाजपा के सभी सदस्यों से निवेदन है कि वे बुधवार को पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें।

वहीं, लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) के मुख्य सचेतक कोडिकुन्निल सुरेश ने अपने सांसदों को अगले तीन दिनों अर्थात 2, 3 और 4 अप्रैल को सदन में उपस्थित रहने को कहा है। इसमें कहा गया है कि 2, 3 और 4 अप्रैल को सदन में बहुत महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी। ऐसे में पार्टी के सभी सदस्य सदन के शुरू होने से स्थगित तक पूरा समय उपस्थित रहकर पार्टी का समर्थन करें। इसी प्रकार सपा और जदयू ने भी अपने सदस्यों को व्हिप जारी कर सदन में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

### साहित्यकार डॉ. कमल किशोर गोयनका का निधन

नई दिल्ली
हिन्दी के प्रख्यात लेखक और उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य के सर्वोत्तम विद्वान शोधकर्ता डॉ. कमल किशोर गोयनका का मंगलवार को निधन हो गया। उनके बेटे संजय ने बताया कि उन्होंने 87 वर्ष की उम्र में दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में सुबह लगभग 7:30 अंतिम सांस ली। उनके छोटे पुत्र राहुल विदेश में हैं। इसलिए उनका अंतिम संस्कार कल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 11 अक्टूबर 1938 को जन्मे कमल किशोर गोयनका को वर्ष 2014 के लिए 24वें व्यास सम्मान से अलंकृत किया गया था। यह पुरस्कार उन्हें उनकी पुस्तक 'प्रेमचंद की कहानियों का कालक्रमानुसार अध्ययन' के लिए दिया गया था। उन्हें व्यास सम्मान के साथ-साथ उदय राज स्मृति सम्मान भी प्राप्त था। उन्हें प्रेमचंद साहित्य का अप्रतिम मर्मज्ञ माना जाता है। उनका योगदान केवल प्रेमचंद तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने हिंदी साहित्य के गम्भीर शोध, आलोचना और प्रवासी हिंदी साहित्य के क्षेत्र में भी असाधारण कार्य किया। डॉ. गोयनका चार दशक तक दिल्ली विश्वविद्यालय में हिन्दी के शिक्षक रहे और रीडर पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने पांच दशक से अधिक समय तक प्रेमचंद और अन्य लेखकों पर शोध किया। उनकी 62 पुस्तकों में से 36 प्रेमचंद पर केंद्रित हैं। वे 'प्रेमचंद के बॉसवेल' के रूप में विख्यात हुए। उनकी खोजी दृष्टि ने प्रेमचंद साहित्य की दशकों पुरानी धारणाओं को चुनौती दी और भारतीयता के व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रेमचंद की पुनर्व्याख्या की।

### जीएसटी राजस्व संग्रह मार्च में 9.9 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली
**नए वित्त** वर्ष 2025-26 की शुरूआत होने के साथ ही वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह से सरकार का खजाना फिर भर गया है। मार्च महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 9.9 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि पिछले महीने फरवरी में यह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च माह में जीएसटी राजस्व संग्रह 9.9 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इसमें केंद्रीय जीएसटी संग्रह 38,100 करोड़

## सुप्रीम कोर्ट ने लोगों के घर ध्वस्त करने की प्रक्रिया को असंवैधानिक ठहराया

नई दिल्ली
सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घर ध्वस्त करने की प्रक्रिया को असंवैधानिक ठहराया है। कोर्ट ने पांचों पीड़ितों को दस-दस लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश प्रयागराज विकास प्राधिकरण को दिया है। दरअसल, वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और तीन अन्य लोगों ने याचिका दायर की थी।




इन सभी याचिकाकर्ताओं के घरों को मार्च, 2021 में ध्वस्त कर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के घरों को ध्वस्त करने से एक रात पहले ही नोटिस चस्पा किया गया था और दूसरे दिन पांचों घरों को गिरा दिया गया था। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) को आदेश दिया है कि वह उन पांचों पीड़ितों को छह सप्ताह के भीतर दस-दस लाख रुपये हर्जाने का भुगतान करे, जिनके घर गिराए गए हैं। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण की आलोचना करते हुए कहा कि उसने कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना घरों को गिराया है।

## केंद्रीय बैंक के रूप में आरबीआई भारत की अविश्वसनीय विकास गाथा के केंद्र में है: मुर्मु

नई दिल्ली
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विकसित भारत 2047 का मिशन एक ऐसे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की मांग करता है, जो नवोन्मेषी, अनुकूलनीय और सभी के लिए सुलभ हो। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुंबई में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि केंद्रीय बैंक के रूप में आरबीआई भारत की अविश्वसनीय विकास गाथा के केंद्र में है। आरबीआई की पिछले 90 वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा की सराहना करते हुए उन्होंने इस बात जोर दिया कि सभी के वास्ते सुलभ वित्तीय परिवेश तंत्र विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है।




उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में आरबीआई इस यात्रा में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा जिसमें एक सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली सुनिश्चित करना, वित्तीय नवाचार को बढ़ावा देना और हमारे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में विश्वास की रक्षा करना शामिल है। राष्ट्रपति ने कहा कि आरबीआई न केवल बदलते समय के साथ विकसित हुआ है, बल्कि भारत के वित्तीय परिवर्तन का एक प्रमुख वास्तुकार भी रहा है।

## योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं: सीएम



लखनऊ
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं। पीटीआई को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चर्चाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री महाराष्ट्र से होगा जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे। हमारी संस्कृति में जब तक पिता जीवित होता है उत्तराधिकारी की बात नहीं की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति में धर्म का मिलन गलत नहीं है। ये हमारी गलती है कि हम धर्म को कुछ स्थानों के लिए सीमित कर देते हैं और राजनीति को कुछ लोगों के लिए छोड़ देते हैं।

## 'सीखने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं गर्मी की छुट्टियां'

नई दिल्ली
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के युवाओं को उनकी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें इस समय का उपयोग आनंद, सीखने और व्यक्तिगत विकास के लिए करने के लिए प्रोत्साहित किया। लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या की एक्स पर पोस्ट का जवाब देते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री ने लिखा, हमेरे सभी युवा मित्रों को शानदार अनुभव और खुशहाल छुट्टियों की शुभकामनाएं। जैसा कि मैंने



पिछले रविवार को मन की बात में कहा था, गर्मी की छुट्टियां आनंद लेने, सीखने और आगे बढ़ने का एक शानदार अवसर प्रदान करती हैं। इस दिशा में इस तरह के प्रयास बहुत बढ़िया हैं।

सांसद सूर्या ने एक्स पर पोस्ट किया, हमने निर्वाचन क्षेत्र में 10 केंद्रों में 8-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले बेंगलुरु दक्षिण समर कैंप की शुरूआत की है।

योग और ध्यान, गीता पाठ, नृत्य फिटनेस, आत्मरक्षा और ड्राइंग के सत्रों के साथ, इन गतिविधियों के माध्यम से लगभग 2,500 युवा दिमाग इन छुट्टियों के दौरान एक अतिरिक्त कौशल सीख रहे हैं। यह कल प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात संदेश के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने बच्चों को इस गर्मी में मौज-मस्ती और सीखने का मिश्रण करने के लिए प्रेरित

## संसदीय स्थाई समिति ने की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय दोगुना करने की सिफारिश

नई दिल्ली
सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के लिए अपनी अनुदान मांग की रिपोर्ट जारी की है। इसमें प्रमुख रूप से आंगनवाड़ी कार्यकताओं को मिलने वाले मानदेय को दोगुना करने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्याण बोर्ड का गठन किये जाने की सिफारिश की गई है। समिति ने सिफारिश की है कि विभिन्न जाति समुदायों में एनीमिया (रक्ताल्पता) और कुपोषण का पता करने के लिए एक भू-सामाजिक जाति जनगणना कराने की जरूरत है। आंगनवाड़ी कार्यकताओं को मिलने वाले मानदेय को दोगुना करने तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना आवश्यक है।

## गेहूं खरीद को लेकर सरकार ने किए पुख्ता इंतजाम : नायब सैनी

चंडीगढ़
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गेहूं की खरीद को लेकर सरकार ने पुख्ता इंतजाम किए है। इसके लिए मंडियों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। आज मुख्यमंत्री पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद के लिए सभी जिला अधिकारियों को पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दे दिए गए है। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है, उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की उचित व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई व पेयजल की



व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए गए है। किसानों को उनकी फसल का एमएसपी पर खरीद के बाद समय पर भुगतान हो, इसके लिए भी दिशा निर्देश दें दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खरीदी गई फसल का भुगतान किसानों को 48 से 72 घंटे में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने गेहूं का भाव 2425 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

**15 जून तक सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जाये पूरा - मुख्यमंत्री**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम 15 जून तक पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी एक विशेष अभियान चलाकर इस सम्बन्ध में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं 15 दिनों के अंदर पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब सड़कों को चिह्नित कर 15 दिन के भीतर मरम्मत कार्य शुरू करवाना सुनिश्चित किया जाये ताकि आमजन को राहत प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त, पांच जिलों में जिला परिषद् को स्थानांतरित की गई सभी सड़कों की रिपेयर और मरम्मत भी तय समय सीमा में पूरी करवाई जाये। साथ ही, मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध में कोई कोताही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान घोषणा करते हुए कहा था कि आगामी 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा।

## गोवा पुलिस की हिरासत से फरार आरोपित देहरादून से गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने गोवा पुलिस हिरासत से भागे ठगी के आरोपित इमाद खान को देहरादून से गिरफ्तार किया है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का भय दिखा कर उससे लाखों रुपये ऐंठ लिए थे। मामले की शिकायत के बाद महिला और दो अन्य आरोपितों को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपित इमाद खान पिछले साल 19 जून को मुंबई के सहार हवाई अड्डे पर गोवा पुलिस की हिरासत से फरार हो गया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि आरोपित इमाद खान और एक महिला गोवा के एक होटल के कमरे में शिकायतकर्ता के पास गए और इमाद खान ने खुद को नारकोटिक्स सेल दिल्ली का अधिकारी बतलाया। उसके बाद आरोपितों ने शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन, दस्तावेज, लैपटॉप पासवर्ड, मोबाइल पासवर्ड, डिजिटल मीडिया एक्सेस, वॉलेट आदि ले लिये। इमाद ने उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।बाद में आरोपितों ने उसे 20 लाख रुपये लेकर छोड़ा। आरोपितों ने दोबारा 10 लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी भरे कॉल करने शुरू कर दिए। आखिरकार पीड़ित ने 26 फरवरी 2024 को थाना म्हापसा गोवा में मामले की शिकायत दी।

## हत्या के मामले में पकड़े गए तीन आरोपित

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में ईद की खरीदारी करने निकले युवक की चाकू घोपकर हत्या के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत तीन लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए बालिग आरोपित की पहचान शेख प्यारे (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल एक चाकू और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार किया। जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि आरोपित और मृतक एक-दूसरे को पहले से जानते थे और उनका मृतक के साथ कुछ पैसों का विवाद था।उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि बजे पुलिस को सूचना मिली कि न्यू उस्मानपुर में दुर्गा मंदिर पार्क में एक युवक को चाकू मार दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को जग प्रवेश चंद अस्पताल भेजा गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दिलशाद परिवार के साथ गली नंबर-13, शास्त्री पार्क में रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा तीन बहनें व दो भाई हैं। दिलशाद बाजार में बच्चों के खिलौने बेचने का काम करता था। पिछले कुछ दिनों से इसके पिता अजमेर गए हुए हैं। के समय दिलशाद बड़ी बहन से कपड़े खरीदने के लिए दो हजार रुपये लेकर निकला था। इस बीच रास्ते में अज्ञात बदमाशों ने चाकू से वारकर उसकी हत्या कर दी।

## डकैती के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2015 में मानसरोवर पार्क इलाके में हुई डकैती के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आकाश उर्फ प्रेम (28) के रूप में हुई है। 24 फरवरी 2025 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस काफी समय से इसकी तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि आकाश के खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2015 में इसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक कारोबारी के यहां 30 लाख रुपये की डकैती डाली थी। तभी से पुलिस को इसकी तलाश थी। जांच में पता चला है कि इसका भाई विकास भी बदमाश है। उसके खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं। डीसीपी के अनुसार उनकी टीम भगोड़ों की तलाश कर रही थी। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपित आकाश उर्फ प्रेम के भगोड़े होने का पता चला। फौरन उसकी जानकारी जुटाना शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा है। जानकारी जुटाने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने बीती देर रात आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के नारायणा इलाके में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान लक्षित नेगी और यश वर्मा के रूप में हुई है। जबकि घायल यश गुप्ता और हिमांशु का अस्पताल में उपचार चल रहा है। नारायणा पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार बीती देर रात 2:45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नारायणा इलाके में तेज रफ्तार सियाज कार एक पेड़ से टकरा गई है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कार में चार लोग घायल हालत में पड़े हुए है। पुलिस ने सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने लक्षित नेगी और यश वर्मा को मृत घोषित कर दिया। लक्षित का निजी कारोबार है पुलिस के अनुसार सभी लोग हरि नगर इलाके के रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

## देश के नवनिर्माण में युवा शक्ति को आगे आकर काम करने की आवश्यकता: बांसुरी स्वराज


एजेंसी

नई दिल्ली। नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि युवा शक्ति देश की रीड है, इसलिए देश के नवनिर्माण में युवा शक्ति को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व केवल शासन का नहीं बल्कि सहभागिता का भी है। मोदी जी ''सबका साथ-सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास'' के मूल मंत्र को आत्मसात कर निरंतर देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बांसुरी स्वराज भोपाल के राज्य संग्रहालय में 'आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' के दो दिवसीय बूट कैंप को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में रोल मॉडल का होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली, विकास नीति एवं भारत के समग्र विकास का दृष्टिकोण भारत के प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे उनके




नेतृत्व में काम करने का मौका मिल रहा है। भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने के साथ ही एक सामाजिक आंदोलन और विशिष्ट विचारधारा वाले दल के रूप में पहचान रखता है। हमारी पार्टी लोकतंत्रात्रिक पार्टी है, जहाँ लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव होते हैं और पार्टी संगठन पर्व मनाती है। पार्टी के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी स्वयं को जनता का सेवक कहते हैं और उसी आधार पर आम जनमानस के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महसूस किया कि सन 2047 तक अगर भारत को विकसित और ताकतवर देश के तौर पर खड़ा करना है तो अलग-अलग प्रोफेशनल्स का राजनीति में प्रवेश होना आवश्यक है जिसका कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं रहा हो। ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' का दो दिवसीय बूट कैंप प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक के विकसित भारत के उसी संकल्प को पूरा करने की दिशा का एक कदम है। आज भारत का युवा बड़ी सोच के साथ आगे बढ़ने पर विश्वास रखता है,बस हमें हमेशा कंफर्ट जोन से निकलकर काम करना होगा तभी हम अपना लक्ष्य हासिल कर पाएंगे चाहे वो राजनीति का हो या फिर अपने व्यवसाय या नौकरी का। मैं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और मध्य प्रदेश भाजपा संगठन की आभारी हूं कि उन्होंने ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' के दो दिवसीय बूट कैंप और उसके पहले सदस्यता अभियान चलाकर तीन हजार से ज्यादा प्रोफेशनल्स को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## दिल्ली की मस्जिदों में अदा की गई नमाज, एक-दूसरे के मिले गले



एजेंसी

नई दिल्ली । रमजान के पाक महीने के खत्म होने के साथ ही सोमवार को देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जा रहा है। देश की सबसे बड़ी मस्जिद दिल्ली की जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज पढ़ी गई है। दिल्ली की जामा मस्जिद के बाद ईद-उल-फितर के मौके पर लोगों ने फतेहपुरी मस्जिद में नमाज अदा की। इस मौके पर यहां भारी संख्या में लोग पहुंचे। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंजाम भी रहे। मस्जिदों के बाहर दिल्ली पुलिस और सुरक्षाबलों के जवान मौजूद रहे। इस मौके पर जामा मस्जिद पर भारी संख्या में लोग मस्जिद प्रांगण में जमा हुए। इस मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा। जामा मस्जिद के बाहर और आसपास के इलाके में सुबह से भारी पुलिस बल तैनात है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने ईद-उल-फितर के मौके पर दिल्ली की संसद मार्ग मस्जिद में नमाज अदा की। आज सुबह ईद-उल-फितर के मौके पर लोगों ने फतेहपुरी मस्जिद में जाकर नमाज अदा की है। वहीं फतेहपुरी मस्जिद में बच्चे एक-दूसरे से गले मिलते हुए नजर आए।

## पर्यावरण संरक्षण पर अन्य देशों को साथ लेकर काम करें विकसित देश : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पर्यावरण पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के मुद्दे पर विकसित देश खुद को अलग नहीं कर सकते। उन्हें ऐसे मॉडल को अपनाना चाहिए जिससे धरती का स्वास्थ्य, मानव समृद्धि और कल्याण होउन्होंने कहा, पर्यावरण के मुद्दे पर विकसित देश खुद को यह मानते हुए अलग नहीं कर सकते कि उनके पास एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र उत्पन्न करने के लिए तकनीकी साधन हैं। यह कुछ वर्षों तक रह सकता है लेकिन हमेशा के लिए नहीं। यदि वे वैश्विक समुदाय के साथ शामिल नहीं होते हैं तो उनके लिए खतरा सामने खड़ा है।उपराष्ट्रपति ने कहा



कि पर्यावरण न्याय अक्सर देरी, अस्वीकार करने, निपटान करने और उलझा देने के कुचक्र का शिकार है, जिसे तोड़ा जाना चाहिए। उन्हें खुशी है कि एनजीटी सभी मोर्चों पर संवेदनशीलता से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ राय की उपलब्धता में विशेषज्ञ संस्था के काम करने से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में होने वाली देरी कम होती है। भोपाल गैस लीक मामले का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब भी इससे जुड़े पाठ हम सीख रहे हैं। यह पर्यावरण से जुड़ी बड़ी लापरवाही थी। 2015 में 30 साल के अंतराल के बाद मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने पीड़ितों को मुआवजे का निपटारा किया। हमारे पास तब एनजीटी या एक नियामक संस्था नहीं थी।

## मैथिली मृणालिनी की जीत छात्र राजनीति में महिला सशक्तीकरण की मिसाल बनेगी: अभाविप

एजेंसी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की उम्मीदवार मैथिली मृणालिनी ने पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद जीतकर इतिहास रचा है। पटना विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार किसी छात्रा ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। मैथिली ने 603 मतों के अंतर से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के उम्मीदवार मनोरंजन कुमार राजा को हराया। मैथिली को कुल 3,524 मत मिले।अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद ने सदैव छात्र हितों की रक्षा और नेतृत्व के विकास को प्राथमिकता दी है। मैथिली मृणालिनी की यह जीत केवल पटना विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश में छात्र राजनीति में महिला विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर शनिवार को मतदान कराए गए। मतदान सुबह आठ से दोपहर दो




सशक्तीकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल बनेगी। अभाविप का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि छात्र राजनीति को सकारात्मक दिशा में ले जाना है। यह विजय छात्रों के विश्वास, परिश्रम और संकल्प की जीत है। उल्लेखनीय है कि पटना बजे तक चला और देर रात नतीजों की घोषणा की गई। 1974 में जब पहली बार पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव आयोजित हुआ था, तब से लेकर अब तक किसी भी छात्रा को इस पद पर चुने जाने का अवसर नहीं मिला था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने देशवासियों को दी ईद की मुबारकबाद

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं ने देशवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। कामना की कि ईद सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियां लेकर आए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को बधाई। यह त्योहार भाईचारे की भावना को मजबूत बनाता है तथा करुणा-भाव और दान की प्रवृत्ति को अपनाने का संदेश देता है। मैं कामना करती हूं कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए तथा सबके दिलों में नेकी के रास्ते पर आगे बढ़ने के जज़्बे को मजबूत बनाए।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर लिखा, ईद-उल-फितर की बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और



सफलता मिले। ईद मुबारक! वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर मैं अपने देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। ईद हमें अपनी सांस्कृतिक विविधता और हमें एकजुट करने वाले साझा बंधनों से मिलने वाली शक्ति की याद दिलाती है। इस पवित्र दिन का सार केवल उत्सव मनाने से कहीं बढ़कर है; यह एकता, करुणा और आपसी सम्मान के संवैधानिक आदर्शों को दर्शाता है जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं। ईद की भावना हमें उन मूल्यों के प्रति खुद को फिर से प्रतिबद्ध करने के लिए प्रेरित करे जो हमारे आगे के मार्ग को रोशन करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। आशा है कि यह दिन पूरे समाज में सद्भाव और भाईचारे के बंधन को और मजबूत करेगा। ईद मुबारक! वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट पर लिखा, ईद-उल-फितर के इस खुशी भरे अवसर पर मैं अपने साथी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ईद हम सभी के बीच भाईचारे, करुणा और साझा करने की भावना को गहराई से जगाती है और हमारे लोगों को एकजुट करने वाले बहुलवादी बंधन को मजबूत करती है। आइए हम इन उत्सवों से सभी के लिए समृद्धि और सौहार्द का युग शुरू करें। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, ईद मुबारक! यह खुशी का अवसर आपके और आपके प्रियजनों के लिए शांति, खुशी, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए।

## अस्पताल में लगी आग, कोई हताहत नही

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के लक्ष्मी नगर इलाके में रात एक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। यह घटना रात लगभग 11.42-11.43 बजे लक्ष्मी नगर स्थित प्रियदर्शिनी विहार के मक्कड़ अस्पताल में हुई। सूचना मिलते ही, सोमवार को 12.15 बजे चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के काम में जुट गईं और आखिरकार स्थिति पर काबू पा लिया गया।

रिपोर्टों के अनुसार, आग बी+जी+2 मंजिला इमारत के भूतल पर बिस्तर और खिड़की के एयर कंडीशनर में लगी। सौभाग्य से, इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। मक्कड़ अस्पताल एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल है, जिसमें 50 बेड की क्षमता है, जो त्वचाविज्ञान, दंत चिकित्सा, बाल रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग और फिजियोथेरेपी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इससे पहले एक अलग घटना में,




पुणे के धनकवाड़ी इलाके में एक चाय होटल में गैस सिलेंडर के रिसाव के कारण भीषण आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत हो गई और आसपास की दुकानों को व्यापक नुकसान हुआ। आग ने होटल की सामग्री को नष्ट कर दिया और दो पड़ोसी कपड़ों की दुकानों को प्रभावित किया। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक होटल कर्मचारी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## दिल्ली की हवा में हुआ सुधार, वायु गुणवत्ता सूचकांक 138 पर पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली।दिल्ली सरकार की सक्रिय नीति और ठोस प्रयासों से राजधानी की हवा लगातार बेहतर हो रही है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 138 दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले शनिवार को 153 था और पिछले साल इसी दिन 189 दर्ज किया गया था। पर्यावरण मंत्रालय ने आज जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए 'विकसित दिल्ली संकल्प' के तहत तेज़ी से काम किया जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार नई तकनीकों को अपनाने पर काम कर रही है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु प्रदूषण के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के प्रजेंटेशन और उनकी तकनीक को देखा जो वायु प्रदूषण नियंत्रण में विशेष तकनीकों पर काम कर रही हैं। इनमें ड्रोन मिस्ट स्प्रिंकलर, आउटडोर एयर प्यूरीफायर और वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन शामिल हैं। इन तकनीकों को उन इलाकों में इस्तेमाल किया जाएगा जहां प्रदूषण के हाटस्पाट बने हैं, ताकि हवा की गुणवत्ता में और सुधार लाया जा सके। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि, नई दिल्ली क्षेत्र में पोल स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिससे धूल पर नियंत्रण पाने में काफी मदद मिल रही है।

ये आधुनिक उपाय शहर में प्रदूषण कम करने के प्रयासों को और मज़बूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि, हम दिल्ली के अन्य इलाकों में भी पोल स्प्रिंकलर प्रयोगात्मक रुप से लगाएंगे। विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली सरकार ने एक्शन प्लान 2025 के तहत कई बड़े कदम उठाए हैं। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने, इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो को इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने, और गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को सख्ती से कंट्रोल करने पर ध्यान दिया जा रहा है। धूल नियंत्रण के लिए एंटी-स्मॉग गन और मैकेनाइज़्ड रोड स्वीपिंग अनिवार्य की गई हैं, जबकि इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कम करने के लिए नई टेक्नोलॉजी और अपशिष्ट प्रक्रिया प्रणाली अपनाए जा रहे हैं।

इसके अलावा, दिल्ली में बड़े स्तर पर पौधारोपण, वर्टिकल गार्डन और ग्रीन रूफटॉप को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि हरियाली बढ़ाई जा सके। साथ ही, रियल-टाइम एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन, कृत्रिम मेधा (एआई)-बेस्ड पॉल्यूशन प्रेडिक्शन मॉडल और अर्ली वार्निंग सिस्टम पर भी काम किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण को रोकने के लिए समय पर कदम उठाए जा सकें। सरकार के प्रयासों पर बोलते हुए श्री सिरसा ने कहा, पहले की सरकारें केवल कागजों पर योजना बनाती थीं, लेकिन हमारी सरकार धरातल पर काम कर रही है। दिल्ली की हवा लगातार बेहतर हो रही है, जो हमारे ठोस प्रयासों का प्रमाण है। हम आगे भी नई तकनीकों को अपनाकर प्रदूषण नियंत्रण के लिए मजबूती से काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2025-26 के बजट में पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी राशि आवंटित की है। पर्यावरण और वन विभाग के लिए 506 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## पुलिस ने अवैध रूप से रह रही दो बांग्लादेशी महिलाओं को किया गिरफ्तार



एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहीं दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान आतिफा (24) और असमा (24) के रूप में हुई है। दोनों अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थीं। पूछताछ के बाद दोनों को डिटेंशन सेंटर भेजकर एफआरआरओ को खबर दे दी गई है। इनके डिपोर्ट की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूर्वी जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 19 नवंबर 2024 से चल रहे अभियान के तहत पूर्वी जिला की टीम अब तक 9 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान कर उनको डिपोर्ट करवा चुकी है। डीसीपी के अनुसार उनकी टीम लगातार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए अभियान चला रही है। इसी क्रम में जांच करते हुए पुलिस ने दोनों बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा है। दोनों भारत की पहचान बनाकर विदेश भागने की फिराक में थीं। पुलिस के मुताबिक आतिफा ढाका, बांग्लादेश के रहने वाली है और अविवाहित है। वहीं असमा भी ढाका की रहनी वाली है।

वह शादीशुदा है। पुलिस इनसे पूछताछ कर पता कर रही है कि यह लोग कब से भारत में रह रहे थे। इसके अलावा किसकी मदद से यह लोग भारत में आए। वहीं पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी तक की जांच में पता चला है कि दोनों पश्चिम बंगाल से भारत में दाखिल हुईं। इसके बाद ट्रेन से दिल्ली आईं।

## चिराग ने मुसलमानों के खिलाफ हो रही राजनीति को सिरे से किया खारिज

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एवं लोकजनशक्ति पार्टी (लोजपा) प्रमुख चिराग पासवान ने सड़कों पर नमाज अदा करने वाले मुसलमानों के खिलाफ हो रही राजनीति को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये बेकार की बात है। इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिएश्री चिराग ने कहा,ये बेकार विषय हैं। देश में कई और बड़े मुद्दे हैं जिन पर चर्चा की जानी चाहिए। एक मीडिया कार्यक्रम में जब सड़कों पर नमाज़ के विरोध पर सवाल किया गया तो श्री चिराग ने कहा,÷ये बेकार की बात है। इस पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। देश में कई बड़े मुद्दे हैं जिन पर चर्चा करने की जरूरत है। समस्या यह है कि जब इन अप्रासंगिक विषयों पर बात शुरू होती है तो समाज और देश में तनाव का माहौल पैदा हो जाता है। बिना वजह समुदायों और लोगों के बीच दरार पैदा होती है, जो कि बेमतलब है। श्री चिराग ने कहा, लोग सालों से सड़कों पर नमाज़ पढ़ते आ रहे हैं। अगर आज हम इस बारे में बात नहीं कर रहे होते, तो आपका सवाल ये होता कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्री के तौर पर उन्होंने क्या काम किया। अब ये बातें सेकेंडरी हो गई हैं। जब उनसे कहा गया कि उनकी सहयोगी पार्टी



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग इस बारे में बात कर रहे हैं, तो इस पर श्री चिराग ने कहा कि वह इससे सहमत नहीं हैं, वह 21वीं सदी के शिक्षित युवा हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह व्यक्तिगत आस्था का मामला है। उन्होंने इफ्तार पार्टी दी और वहां पर वह तिलक लगाकर पहुंचे थे। ये उनकी अपनी आस्था है। श्री चिराग ने यह भी कहा कि वह दूसरों के धर्म का सम्मान करने के लिए अपने धार्मिक मूल्यों को नहीं भूलेंगे लेकिन ये मुद्दे बंद दरवाजों के पीछे के हैं। यह व्यक्तिगत आस्था का मामला है। कुछ लोग किसी धर्म का पालन करते हैं, लेकिन दूसरे नहीं करते। कई हिंदू तिलक नहीं लगाते। क्या वे हिंदू नहीं हैं? यह व्यक्तिगत आस्था है।गौरतलब है कि सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पिछले कुछ सालों में प्रमुख राजनीतिक मुद्दे के रूप में उभरा है। एक वर्ग इसके विरोध में कहता है कि धार्मिक रीति-रिवाजों को सार्वजनिक स्थानों पर नहीं किया जाना चाहिए, वहीं अन्य लोगों का तर्क है कि जब तक इस तरह के कृत्यों से किसी को असुविधा न हो, तब तक इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। हाल ही में, यह मुद्दा तब सुर्खियों में आया जब उत्तर प्रदेश की कुछ जगहों में जिला प्रशासन ने ईद के दौरान सड़कों पर नमाज की अनुमति देने के खिलाफ सख्त रुख अपनाया।

## पंजाबी बाग इलाके में एक मकान में आग लगने से दो बच्चों की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली में पंजाबी बाग के पास मनोहर पार्क इलाके के एक घर में खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में 2 बच्चों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा झुलस गया। मरने वाले दोनों बच्चे भाई बहन थे। जानकारी के अनुसार, पंजाबी बाग थाना अंतर्गत आने वाले मनोहर पार्क इलाके में अशोक पार्क मेट्रो स्टेशन के पास एक घर में रविवार रात खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने तीन बच्चे उसकी चपेट में आ गए। आग में बुरी तरह झुलसे दो मासूम भाई-बहन की जलकर मौत हो गई। वहीं एक बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रात करीब साढ़े 8 बजे की है। आग की सूचना के बाद मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस कर्मी सुरेश ने बताया कि आग एलपीजी सिलेंडर में लगी थी, जिसके कारण तीन लोग घायल हो गए और उन्हें पीसीआर द्वारा आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया, जहां दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान 14 वर्षीय साक्षी पुत्री लाल बहादुर, 7 वर्षीय आकाश पुत्र लाल बहादुर के रूप में हुई है। वहीं, घायल संदीप पाठक पुत्र काशीकांत पाठक का इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुबाबिक, पंजाबी बाग थाने में रविवार रात 8:20 बजे के करीब मनोहर पार्क, ईस्ट पंजाबी बाग के मकान नंबर WZ 7A में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। इस पर फायर ब्रिगेड, एसएचओ पंजाबी बाग और अन्य कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां रहने वाली करीब 34 वर्षीय सविता ने बताया कि रात 8:00 बजे जब वह खाना बना रही थीं, तभी अचानक आसपास के कपड़ों में आग लग गई। उस समय, उनका बेटा और दो बेटियां कमरे में मौजूद थीं। वह और उसकी एक बेटी मीनाक्षी (उम्र लगभग 11 वर्ष) सुरक्षित बाहर निकल गईं, लेकिन उनकी बड़ी बेटी साक्षी और बेटा आकाश आग में ही फंस गए। जब उसने शोर मचाया तो मकान मालिक के बेटे और अन्य किरायेदारों ने दोनों बच्चों को बाहर निकाला।

संपादक की कलम से

## कैसे रुक पायेगा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चचाओं में बने रहते हैं। वहीं बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर अपराधिक मामले दर्ज हो रहें हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब होती जा रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीतिक दागदार हुई है। वहीं नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीतिक व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से है या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।

एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है। सबको पता है की राजनीति में आज छूट-भैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता हैं।

चुनाव सुधार पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानि 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है।

एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी बीजेपी के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) बीजेपी उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

## जामुन के अनगिनत फायदे

नई दिल्ली। गर्मी का सीजन शुरू होते ही कई ऐसे फल बाजार में आ जाते हैं, जिन्हें खाने के फायदे अनगिनत होते और शरीर को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाते हैं। इन्हीं में से एक है जामुन। जो दिखने में तो एक छोटा सा फल है, लेकिन ये स्वाद में जितना अनोखा है, उतना ही सेहत के लिए फायदेमंद भी है। बैंगनी रंग और तीखे-मीठे स्वाद के पीछे छुपे कई ऐसे गुण हैं, जो आपको हैरान कर सकते हैं। तो चलिए, जानते हैं जामुन के उन फायदों के बारे में जो इसे प्रकृति का अनमोल तोहफा बनाते हैं।

दरअसल, जामुन का वैज्ञानिक नाम सिजीगियम क्यूमिनी है। जामुन भारत सहित दक्षिण एशिया में खूब पाया जाता है। गर्मियों में पैदा होने वाला जामुन स्वाद में खट्टा-मीठा होता है। आमतौर पर इसको नमक के साथ खाया जाता है। बताया जाता है कि जामुन का फल 70 प्रतिशत खाने योग्य होता है। इसमें ग्लूकोज और फ्रक्टोज दो मुख्य स्रोत होते हैं। इसके अलावा, ये अन्य फलों की तुलना में कम कैलोरी प्रदान करता है।


इतना ही नहीं, इस फल के बीज में कार्बोहाईड्रेट, प्रोटीन और कैल्शियम की मात्रा भी काफी अधिक होती है और इसमें विटामिन बी, कैरोटिन, मैग्नीशियम और फाइबर भी पाया जाता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन ने भी ह्यजामुनह्न के गुणों का लोहा माना है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (अक्टूबर, 2022) एक रिपोर्ट के अनुसार, जामुन को डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और मोटापे जैसी चयापचय (मेटाबॉलिक) समस्याओं के इलाज में खास तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस वजह से जामुन मेटाबॉलिक सिंड्रोम नाम की स्थिति में भी फायदेमंद हो सकता है।

शोध के मुताबिक, नतीजों से पता चला कि जामुन इन समस्याओं के लक्षणों और संकेतकों को बेहतर करने में मदद करता है। कई शोधों में ये भी देखा गया कि जामुन न सिर्फ मेटाबॉलिक सिंड्रोम बल्कि दूसरी बीमारियों में भी असरदार है। आज इसे लोक दवा के तौर पर मेटाबॉलिक सिंड्रोम के मरीजों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी

**-ललित गर्ग-**



कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है? दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी।

गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।ह्न कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है। कांग्रेस भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, मुस्लिम आरक्षण को संविधान में जगह देकर संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफत की जा रही है। मुस्लिमों को आरक्षण असंवैधानिक हैं। कांग्रेस बार-बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की मूल भावना को चुनौती दे रही है। मुस्लिम वोटबैंक के लिए ऐसा किया जाना संविधान की मूल भावना से खिलवाड है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी का रवैया आरक्षण को लेकर समय-समय पर बदलता रहा है। कभी उसने संविधान संशोधन की बात की, तो कभी आरक्षण का विरोध किया, तो कभी धर्म के आधार पर आरक्षण देने के प्रयास भी किए। आपातकाल के काले दौर में कांग्रेस द्वारा ऐसा भी किया गया, जब इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की मूल प्रस्तावना ही बदल डाली। कांग्रेस नेता संविधान की किताब जेब में रखते हैं, लेकिन इसे कमजोर करने के लिए हरसंभव कोशिश भी करते हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और देश को बताना चाहिए कि कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव क्यों करना चाहती है? कांग्रेस का रवैया हर प्रकार से संविधान विरोधी ही रहा है। संविधान को कमजोर करने वाले अनेक प्रयास कांग्रेस समय-समय पर करती आई है। कांग्रेस द्वारा अपने शासनकाल में इस पर संशोधन लाने का प्रयास किया गया कि सरकार संविधान में क्या-क्या परिवर्तन कर सकती है? स्पष्ट है कि कांग्रेस के लिए हमारा संविधान केवल सत्ता को साधने का एक उपकरण मात्र रहा है, संविधान के प्रति सम्मान की भावना कांग्रेस के चरित्र में नहीं है। जबकि वर्ष 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार संविधान के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। भारतीय संविधान और लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की मंशा से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। प्रेषक

## एक कॉमेडियन से सरकार का डरना अपने आप में कॉमेडी है

**- डॉ. दीपक पाचपोर**

यह विधिसम्मत है। अब यह भी सोचें कि जो भाजपा, शिंदे की शिवसेना तथा अजित पवार कह रहे हैं या कर रहे हैं वह संविधानसम्मत या कानून के अंतर्गत है? बिलकुल नहीं! आयोजनस्थल की तोड़-फोड़ करना कानूनी तौर पर सही नहीं है क्योंकि मामले की अभी तक पुलिस जांच भी प्रारम्भ नहीं हुई है। यदि न्यायालय कुणाल कामरा की कॉमेडी में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाता और कॉमेडियन को क्लीन चिट देता है तो क्या सरकार या महानगरपालिका उस होटल व स्टूडियो को मुआवजा देगी?

ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय...
ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय...
एक झलक दिखलाए कभी गुवाहाटी में छिप जाए...
मेरी नजर से तुम देखो गद्दार नजर वो आए।
ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय।
मंत्री नहीं वो दलबदलू है और कहा क्या जाए...
जिस थाली में खाए उसमें ही छेद कर जाए...
मंत्रालय से ज्यादा फडणवीस की गोदी में मिल जाए...
तीर कमान मिला है इसको बाप मेरा ये चाहे...
ठाणे की रिक्शा...ठाणे की रिक्शा, चेहरे पे दाढ़ी, आंखों में चश्मा हाय...।

मनोरंजन करके गुजारा करने वाले एक अदने से स्टैंडअप कॉमेडियन ने मुम्बई में एक शो के दौरान प्रसिद्ध हिन्दी मूवी 'दिल तो पागल है' के एक गीत की केवल 10 पंक्तियों की पैरोडी क्या सुना दी, महाराष्ट्र सरकार मानों सुलग उठी है। इस सरकार को चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी, अजित पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना बौखलाई हुई हैं। पुलिस एफआईआर दर्ज कर कामरा के खिलाफ एक्शन ले रही है, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बयान दिया है कि 'स्टैंडअप कॉमेडी की आजादी है लेकिन कोई भी जो चाहे वह नहीं बोल सकता।' उनके अनुसार 'कुणाल को माफी मांगनी चाहिये।' इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एक उप मुख्यमंत्री अजित पवार कहते हैं कि 'किसी को भी कानून व संविधान से बाहर नहीं जाना चाहिये', तो दूसरे उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन पर यह पैरोडी रची गयी है, का कहना है- 'किसी पर हास्य-व्यंग्य करना, कटाक्ष करना गलत नहीं है, लेकिन इसकी एक मयार्दा होती है। कुणाल कामरा ने जो किया, लगता है कि उन्होंने सुपारी लेकर किया है। कटाक्ष करते समय एक शिष्टाचार बनाए रखा जाना चाहिए, वर्ना 'एक्शन का रिएक्शन' भी होता है।' पहले तो शिंदे को पता करना चाहिये कि सुपारी किसने दी है। खैर...

बहरहाल, रिएक्शन होता दिख रहा है। शो का आयोजन खार के जिस यूनिकांटिनेंटल क्लब में हुआ था उस आयोजन स्थल पर शिंदे गुट के कार्यकताओं ने तोड़-फोड़ कर दी, मुम्बई महानगरपालिका ने वहां हथौड़ा चला दिया, कार्यकर्ता पहले ही धमकी दे चुके हैं कि वे महाराष्ट्र तो क्या देश भर में कामरा को घूमने-फिरने तथा शो नहीं करने देंगे। पार्टी प्रवक्ता साफ कर चुके हैं कि 'कॉमेडियन से शिवसेना स्टाइल में निपटा जायेगा।' इतना ही नहीं, कामरा के साथ कुछ कार्यकर्ता फोन पर गाली-गलौज कर रहे हैं। मार्के की बात यह है कि मयार्दा व कानून में रहकर कॉमेडी करने की सलाह सरकार के तीनों ही धड़े निहायत ही अमर्यादित ढंग से और कानून को हाथ में लेकर दे रहे हैं। यही अपने आप में कॉमेडी है जो ऐसी ही सरकार कर सकती है जिसका बनना और चलना साक्षात कॉमेडी सर्कस है।

# शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियों के खिलाफ आवाज



सोमवार को इंडिया ब्लॉक के छात्र संगठनों ने शिक्षा के निजीकरण, भगवाकरण के विरोध और छात्र संघ की बहाली को लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि सरकार आरएसएस की विचारधारा थोप रही है और शिक्षा को व्यापार बना रही है। इस प्रदर्शन में एनएसयूआई, आईसा, एसएफआई, एआईएसएफ, एमएसएफ, सीआरजेडी और समाजवादी छात्रसभा ये सभी छात्र संगठन एक बैनर के तले पहुंचे। छात्र संगठनों का कहना है कि सरकार की नीतियों से शिक्षा महंगी हुई है. गरीब बच्चों की पहुंच से अच्छी शिक्षा दूर होती जा रही है। छात्रों ने आरोप है कि शिक्षा का निजीकरण और केंद्रीकरण किया जा रहा है। गरीब विरोधी नीतियों का असर मध्यम वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा है।

धांधली और पेपर लीक जैसी समस्याओं के खिलाफ छात्र संगठनों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में चुनावों की बहाली, प्रशासन में पारदर्शिता और आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी छात्रों ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रदर्शन को लेकर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा, 'सरकार शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रही है। छात्र संघों के चुनावों पर रोक से साफ है कि सरकार शिक्षित और जागरूक युवाओं से डरती है। अगर सरकार हमारी मांगें नहीं मानती, तो आंदोलन और बड़ा होगा और देशभर में गूंज सुनाई देगी।'महीने भर के भीतर दूसरी बार इस तरह से अलग-अलग छात्र संगठन जंतर-मंतर पर एकत्र हुए हैं। इधर अलग-अलग विश्वविद्यालयों में जागरुक छात्र अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते ही रहते हैं। लेकिन इस वक्त जिस तरह से सरकार की नीतियों के खिलाफ छात्र संगठन एकजुट हो रहे हैं, वह देश में बड़े बदलाव की आहट देता है। इतिहास गवाह है कि जब भी युवा शक्ति ने आवाज उठाई है, तब सत्ताधीशों को बड़ी चोट पहुंची है। फिलहाल छात्र संगठनों ने आंदोलन बढ़ने की जो चेतावनी दी है, उसे मोदी सरकार को सुनना चाहिए। क्योंकि जो सवाल छात्र उठा रहे हैं, वो बेमानी नहीं हैं, न ही इनमें किसी एक पार्टी का एजेंडा बढ़ाया जा रहा है। बल्कि यह समाज के समग्र विकास और युवा पीढ़ी की बेहतरी के लिए ही है। इसी बेहतरी का दावा नरेन्द्र मोदी कई बार करते रहे हैं। संकल्प, ऊर्जा, दृढ़ विश्वास, जैसे शब्दों के दोहराव अलग-अलग तरीके से करते हुए श्री मोदी कई मंचों से यह बात कह चुके हैं कि उनकी सारी नीतियां और फैसले देश को विकास की राह पर ले जा रहे हैं, जिसमें नयी पीढ़ी के लिए सब कुछ अच्छा ही अच्छा है। लेकिन हकीकत कुछ और ही है। छात्रों के सामने अब केवल डिग्री हासिल करने के बाद नौकरी मिलने की चिंता ही नहीं है, बल्कि उस डिग्री की राह में भी अब कई रोड़े आ रहे हैं। पेपर लीक और परीक्षाओं में कई किस्म की धांधलियां तो एक बड़ी समस्या है ही, इसके अलावा अब वैचारिक मतभेद रखने पर भी छात्र अन्याय का शिकार हो रहे हैं।

ताजा प्रकरण नयी दिल्ली से ही सामने आया है, जहां डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष की एमए छात्रा को इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर विश्वविद्यालय की कुलपति अनु सिंह लाठर द्वारा दिए गए भाषण की कथित रूप से आलोचना करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। खबर के मुताबिक कुलपति लाठर ने अपने भाषण में कहा था कि राम जन्मभूमि आंदोलन 525 साल पुराना है और यह कोई नया मुद्दा नहीं है। कुलपति ने राम मंदिर की स्थापना के लिए राज्य की सराहना की और डॉ. बीआर आंबेडकर को सिफ दलित समुदाय का व्यक्ति न बात कही थी। इस भाषण के बाद 28 जनवरी को आईसा से जुड़ी छात्रा ने कुलपति द्वारा की गई टिप्पणियों की निंदा की थी। जिस पर 21 मार्च को प्रॉक्टोरियल बोर्ड के एक आदेश में विश्वविद्यालय ने 'अनुशासनहीनता' और संस्थान प्रमुख के खिलाफ 'अपमानजनक भाषा' के इस्तेमाल का आरोप लगाया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप छात्रा को छह महीने (पूर्ण शीतकालीन सेमेस्टर) के लिए निलंबित कर दिया गया है तथा इस अवधि के दौरान परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्रा को 17 फरवरी को कारण बताओ नोटिस दिया गया था और उसे 28 फरवरी को प्रॉक्टोरल बोर्ड के साथ व्यक्तिगत बातचीत के लिए उसके माता-पिता के साथ बुलाया गया था। निलंबन आदेश में कहा गया है कि केवल छात्रा ही प्रॉक्टोरल मीटिंग में आई थी और उसके माता-पिता नहीं आए थे। प्रॉक्टोरल मीटिंग के बाद छात्रा द्वारा लिखित प्रतिक्रिया 'माफी मांगने वाली नहीं' थी। वहीं निलंबित छात्रा ने आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह मुस्लिम पहचान वाली महिला हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपने अंतिम सेमेस्टर में हूं और अंतिम सबमिशन मई के मध्य में होना है। यह मेरी डिग्री को एक साल के लिए बढ़ाने का एक बहुत ही सचेत प्रयास है।' पीड़ित छात्रा ने एक गंभीर सवाल उठाया है कि, 'यदि केवल सवाल पूछने के कृत्य को ही आपराधिक बना दिया जाए तो बात के लिए खड़ा होना चाहिए' इस को उदाहरण स्थापित करने और उनकी आवाज को अनिश्चितकाल के लिए दबाने की एक जानबूझकर की गई साजिश है।'

## म्यांमार में विनाशकारी भूकंप, मरने वालों की संख्या 1,644 हुई

**बैंकॉक।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,644 हो गई है। म्यांमार की सैन्य सरकार ने राज्य टेलीविजन पर इसकी पुष्टि की। राहत एवं बचाव दल लगातार मलबे से शव बरामद कर रहे हैं, जिससे मृतकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे पहले दिन में मृतकों की संख्या 1,002 बताई गई थी, लेकिन राहत अभियान तेज होने के साथ यह संख्या तेजी से बढ़ी। अब तक 3,408 लोग घायल हो चुके हैं और 139 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि कई इमारतें पूरी तरह से जमींदोज हो गई हैं। भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मंडाले के पास था, जहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। राजधानी नेपीतॉ में भी कई सरकारी इमारतें ढह गईं। राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है, लेकिन भूकंप के कारण एयरपोर्ट को नुकसान पहुंचने से सहायता पहुंचाने में मुश्किलें आ रही हैं। राहत दल मलबे में फंसे लोगों को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, देश में चल रहे गृहयुद्ध और राजनीतिक अस्थिरता के कारण राहत कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। म्यांमार पहले से ही मानवीय संकट से जूझ रहा है, जिससे आपदा प्रबंधन और भी कठिन हो गया है। भूकंप के बाद राजधानी नेपीतॉ में बिजली, टेलीफोन और इंटरनेट सेवाएं ठप हो गई हैं।

## इक्वाडोर में बस पलटने से सात लोगों की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में एक अंतरप्रांतीय बस के पलटने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। गुआयाकिल अग्निशमन विभाग ने सड़क के किनारे पलटी हुई बस की तस्वीरें पोस्ट करते हुए कहा कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह चार बजे (0900 जीएमटी) एल कोंसुएलो जिले के पास गुआयाकिल-प्लायास राजमार्ग पर हुई। विभाग ने आपातकालीन स्थिति से निपटने तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए छह एम्बुलेंस, दो बचाव इकाइयां तथा दो लड़ाकू इकाइयां भेजीं। अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि दुर्घटना का कारण क्या हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इक्वाडोर में यातायात दुर्घटनाएं मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं, मुख्य रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण।

## बंगलादेश भूकंप प्रभावित म्यांमार में बचाव दल भेजेगा

**ढाका।** बंगलादेश सशस्त्र बलों की बचाव टीम भूकंप राहत और बचाव प्रयासों में सहायता के लिए एक विशेष उड़ान से म्यांमार के लिए रवाना होगी। बंगलादेश सशस्त्र बलों के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यहां एक मीडिया बयान में यह घोषणा की, जिसमें उल्लेख किया गया कि टीम म्यांमार के लिए रवाना होगी। इसमें कहा गया है कि बंगलादेश सशस्त्र बल देश को आपातकालीन दवा, राहत आपूर्ति, बचाव अभियान और चिकित्सा सहायता प्रदान करेंगे। उस दिन पहले अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी एक आधिकारिक अलर्ट में कहा गया था कि बंगलादेश में हाल ही में म्यांमार और थाईलैंड में आए समान तीव्रता के भूकंप आ सकते हैं, विशेष रूप से चटगाँव, सिलहट, मैमनसिंह और ढाका सहित उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में। अग्निशमन सेवा ने संबंधित अधिकारियों और जनता से भूकंप के जोखिम को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया। म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। शनिवार रात को राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम के अनुसार, कुल 1,644 लोग मारे गए, 3,408 घायल हुए और 139 लापता हैं।

## ब्राज़ील में कार-ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के पराना राज्य में एक कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक शिशु घायल हो गया। यह जानकारी स्थानीय अग्निशमन विभाग ने दी। ट्रक चालक



के अनुसार, चोपिनज़िन्हो नगरपालिका में बीआर-373 राजमार्ग के एक मोड़ पर कार विपरीत लेन में आ गई और उसके वाहन से टकरा गई।घटनास्थल पर पहुंचने पर, दमकलकर्मियों ने एक वर्षीय शिशु को अपनी मां की गोद में रोते हुए पाया, जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। बच्ची को मामूली चोटें आईं, जिसे पड़ोसी शहर पाटो ब्रैंको के एक अस्पताल में भर्ती किया गया।

# ट्रंप के दो अप्रैल के मुक्ति दिवस पर दुनिया की नजर, चीन ने नहीं बेचा टिक टॉक तो लगाएंगे 60 प्रतिशत टैरिफ

**एजेंसी**

**हांगकांग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल के 'मुक्ति दिवस' पर सारी दुनिया की नजर है। वह दो अप्रैल को अपनी मुक्ति दिवस (योजना) घोषणा के अंतर्गत नए टैरिफ की शुरुआत करेंगे। इस योजना में सेमीकंडक्टर, माइक्रो चिप्स, फार्मास्यूटिकल्स और विदेशी वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ शामिल हैं। वह चीन के खिलाफ सबसे अधिक टैरिफ 60 प्रतिशत तक की घोषणा कर सकते हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि इससे बीजिंग के साथ वाशिंगटन के बीचा व्यापार युद्ध तेज हो जाएगा।

सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, ट्रंप के मुक्त दिवस ने चीन को उलझन में डाल दिया है। ट्रंप ने अपने इस अभियान के दौरान चीन को अमेरिका में आने वाले सभी चीनी सामानों पर 60 प्रतिशत से अधिक शुल्क (टैरिफ) लगाने की धमकी दी है। संभावना है वह इसकी



घोषणा बुधवार को कर सकते हैं। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में बातचीत के दौरान सुझाव दिया कि वह चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिक टॉक की बिक्री पर व्यापक सौदेबाजी के हिस्से के रूप में टैरिफ को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह सौदेबाजी पूरी नहीं होती तो वह टैरिफ की घोषणा करेंगे। हालांकि उन्होंने चीन के नेता शी जिनपिंग के साथ बेहतरीन रिश्ते का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'शायद मैं इसे पूरा करने के लिए टैरिफ में थोड़ी कमी कर दूं या कुछ और करूं।' इसका मतलब है कि ट्रंप टिक टॉप डील को फाइनल करने के लिए चीन को कुछ फायदा दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह समय पर नहीं हुआ तो वह समय सीमा को पांच अप्रैल से आगे बढ़ा देंगे। ट्रंप ने कहा, चीन को इसमें एक भूमिका निभानी होगी, संभवतः मंजूरी के रूप में और मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे। उल्लेखनीय है कि टिक टॉक की मुश्किलें अमेरिका में तब शुरू हुईं, जब एक अमेरिकी कानून में कहा गया कि इस ऐप को अपनी चीनी पैरेंट कंपनी बाइटडांस से अलग होना होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिका को डर है कि चीन इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अमेरिकियों पर नजर रखने या उन्हें प्रभावित करने के लिए कर सकता है। यह कानून 19 जनवरी को लागू हुआ था। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में टिक टॉक के अमेरिकी कामकाज पर रोक लगाने की कोशिश की थी।

## ईरान को ट्रंप की चेतावनी, परमाणु समझौता नहीं तो बमबारी संभव

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि वह वॉशिंगटन के साथ परमाणु समझौता नहीं करता, तो उसे बमबारी या कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा, अगर वे समझौता नहीं करते हैं, तो बमबारी होगी। लेकिन हो सकता है कि मैं उस पर फिर से कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगा दूं, जैसा मैंने चार साल पहले किया था।हालांकि ईरान ने अब तक ट्रंप की धमकी को अनसुना किया है और वार्ता को लेकर कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिया है। ईरान के विदेश उपमंत्री अब्बास अराकची ने बताया कि ओमान के माध्यम से ट्रंप के पत्र का जवाब भेजा गया है, लेकिन तेहरान नए परमाणु समझौते के लिए तैयार नहीं दिख रहा। उल्लेखनीय है कि है कि अपने पहले कार्यकाल (2017-21) में ट्रंप ने ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते से अमेरिका को बाहर कर लिया था और ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे।

इसके बाद से तेहरान ने अपनी परमाणु गतिविधियों को तेज कर दिया और उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन करने लगा। पश्चिमी देशों का आरोप है कि ईरान गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिश कर रहा है, जबकि तेहरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

## प्रधानमंत्री ओली ने नेपाल के पूर्व राजा के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की दी चेतावनी

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने आज काठमांडू में शुक्रवार को हुई हिंसक झड़प, आगजनी और दो लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाई हैं। ओली ने कहा कि पूर्व राजा अपने आपको संविधान और देश की कानून से ऊपर मानते हैं, जिसका उनको खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

संसद की प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने सोमवार को कहा कि पहले वीडियो संदेश जारी करके शासन व्यवस्था बदलने के लिए आम लोगों को अपना समर्थन करने की बात करना और उसके बाद हजारों लोगों को सड़कों पर उतारकर अपने स्वागत में इकट्ठा करना कानूनन गलत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस संविधान के तहत उन्हें अभी भी पूर्व राष्ट्र



प्रमुख की हैसियत से सभी सरकारी सुविधा और सुरक्षा दी जा रही है, उसी संविधान के खिलाफ वो लोगों को भड़का रहे हैं।

प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि शुक्रवार को काठमांडू में हुए हिंसा, आगजनी, लूटपाट, पत्रकार के जिंदा जलाने की घटना के लिए सिर्फ पूर्वराज ज्ञानेन्द्र ही जिम्मेदार हैं और उनको इसकी कीमत चुकानी होगी। ओली ने कहा कि इन सब घटनाओं के लिए एक आम नागरिक की तरह ही पूर्व राजा के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करनी होगी।

## बांग्लादेश के चटगांव में हादसा, दो बसों में टक्कर, पांच की मौत, 12 घायल

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में चटगांव के लोहागरा उप जिला में आज सुबह दो बसों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, दोहाजारी हाइवे पुलिस के एसआई मोनजूर हुसैन ने बताया कि यह दुर्घटना चटगांव-कॉक्स बाजार हाइवे पर जंगलाई मजार गेट इलाके में सुबह करीब 7:30 बजे हुई। मृतकों में 21 वर्षीय अराफात, 18 वर्षीय रिफात, 28 वर्षीय निजाम, 14 वर्षीय सिद्दीकी और 30 वर्षीय नाजिम शामिल हैं।

लोहागरा फायर स्टेशन के अधिकारी राखल चंद्र रुद्र ने बताया कि चटगांव से कॉक्स बाजार की ओर जा रही सौदिया परिवाहन की बस विपरीत दिशा से आ रही एक मिनी बस से टकरा गई। मिनी बस



कॉक्स बाजार के उखिया उपजिला से चटगांव के सतकानिया जा रही थी। रुद्र के अनुसार,घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गई और 10-12 अन्य घायल हो गए। घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। एसआई मोनजूर ने कहा कि दोनों बसों को जब्त कर लिया गया है।

# इस्लामाबाद और रावलपिंडी से निर्वासित किए जाएंगे अफगान शरणार्थी, आज समय सीमा का आखिरी दिन

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद/रावलपिंडी।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रह रहे अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों के लिए देश छोड़ने की संघीय सरकार की समय सीमा आज समाप्त हो रही है। इसलिए दोनों शहरों में कानून प्रवर्तन अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अफगान नागरिकों को उसके परिवारों सहित पकड़कर निर्वासित करें। रावलपिंडी के पुलिस प्रमुख ने रावल, पोटोहर और सदर डिवीजनों के अधीक्षकों को जिले में रहने या काम करने वाले अवैध अफगान नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वह किसी भी ऐसे अफगान नागरिक को हिरासत में ले जो आपराधिक गतिविधि में शामिल पाया जाता है। आदेश में सामूहिक दंड का एक रूप सुझाया गया है, जिसमें कहा



गया है कि अगर परिवार का कोई भी सदस्य किसी अपराध में शामिल पाया जाता है, तो पूरा परिवार निर्वासन के लिए उत्तरदायी होगा। रावलपिंडी शहर के पुलिस अधिकारी के आदेश के बाद, सभी पुलिस स्टेशन के एसएचओ को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में रहने वाले अफगान नागरिकों के साथ-साथ उनके परिवारों को भी हिरासत में लेने का निर्देश दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि निर्देशों में कहा गया है कि पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) कार्ड रखने वाले अफगान नागरिक जो जुड़वां शहरों में रह रहे हैं, उन्हें सावधान किया जाना चाहिए कि उन्हें और उनके परिवारों को सरकार की नीति के अनुसार पाकिस्तान छोड़ना होगा। पीओआर कार्डधारकों के लिए देश छोड़ने की समय सीमा 30 जून, 2025 है। हालांकि, पुलिस के आदेश में इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि क्या दस्तावेज वाले शरणार्थियों को अधिकारियों द्वारा निकाला जाएगा। पुलिस का रावलपिंडी जिले के विभिन्न हिस्सों में निवासियों की पुष्टि करने के लिए तलाशी अभियान जारी है। खासकर वे लोग जो किराए के घरों में रह रहे हैं। इस साल जनवरी में अवैध विदेशियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू होने के बाद से, 923 अफगान नागरिकों को पकड़ा गया और गोलरा मोड़ के पास शरणार्थी केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया।

## चीन, दक्षिण कोरिया और जापान ने मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने पर किया समझौता

**एजेंसी**

**सियोल।** चीन, दक्षिण कोरिया और जापान ने मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से कदम उठाने का निर्णय लिया है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक व्यापार पर असर पड़ने की संभावना है। पांच वर्षों में पहली बार हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में दक्षिण कोरिया के उद्योग मंत्री आहन डुक-ग्यून, जापान के उनके समकक्ष योजी मुतो और चीन के वांग वेंताओ ने भाग लिया। बैठक के दौरान तीनों देशों ने त्रिपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता तेज करने और व्यापार एवं निवेश के लिए स्थिर माहौल बनाने पर सहमति जताई।दक्षिण कोरियाई मंत्री आहन डुक-ग्यून ने कहा कि बदलते वैश्विक आर्थिक हालात और बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच इन तीनों देशों को मिलकर जवाब देना होगा। जापानी अधिकारी यासुजी कोमियामा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था खंडित हो रही है, जिससे व्यापार को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। वहीं, चीनी अधिकारी वांग लिपिंग ने एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद को रोकने के लिए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। गौरतलब है कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया दुनिया की कुल जनसंख्या का 20 प्रतिशत और वैश्विक अर्थव्यवस्था का 24 प्रतिशत योगदान देते हैं। इनका वैश्विक व्यापार में 19 प्रतिशत हिस्सा है। ऐसे में तीनों देशों का यह कदम वैश्विक व्यापारिक संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकता है।

# इस्तांबुल के मेयर की गिरफ्तारी : पुलिस पर गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग के गंभीर आरोप

**एजेंसी**

**अंकारा ।** तुर्की पुलिस ने इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें बड़े पैमाने पर शारीरिक दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन के कट्टर प्रतिद्वंद्वी और राष्ट्रपति चुनाव के संभावित दावेदार इमामोग्लू की गिरफ्तारी के बाद बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन हुए। तुर्की सुरक्षा बलों ने अब तक कई पत्रकारों सहित 1800 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।बंदियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने जेलों में उनके साथ हो रहे कथित भयानक दुर्व्यवहार का खुलासा किया। विस्तृत साक्ष्यों और कानूनी दस्तावेजों की एक श्रृंखला से इस्तांबुल के साराचाने में हिरासत में





ली गई एक युवती की ओर से लगाए गए सबसे गंभीर आरोप का खुलासा हुआ। एक आधिकारिक बयान में युवती ने कहा कि एक पुरुष अधिकारी ने उसके बाल खींचे, उसे जमीन पर घसीटा, उसके साथ छेड़छाड़ की और डर के मारे उसने पेशाब कर दिया। रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) के सांसद सेजगिन तानरिकुलु ने पुष्टि की कि पूछताछ के रिकॉर्ड में विवरण दर्ज किया गया और शांति दंड न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। तानरिकुलु ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ÷मेरे पास पुलिस का बयान और पूछताछ का रिकॉर्ड है। एक युवा छात्रा ने स्पष्ट रूप से बताया कि कैसे उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और न्यायपालिका चुप रही। इस्तांबुल बार एसोसिएशन की ओर से इक्ट्ठा किए गए अतिरिक्त विवरण एक व्यापक पैटर्न को प्रकट करते हैं। अटॉर्नी हलील एनेस कावाक ने तुर्की पुलिस की क्रूरता का विस्तृत विवरण दिया। तुर्की के अखबार सोज़्कू से बात करते हुए कावाक ने कहा, सरचैन में हिरासत में लिए गए कोई भी युवक ऐसा नहीं जिसके शरीर पर हिंसा के निशाना न हो। कई लोगों को घसीटा गया, लात मारी गई, मुक्का मारा गया और हेलमेट से मारा गया। कुछ तो विरोध प्रदर्शन का हिस्सा भी नहीं थे - वे भाग नहीं रहे थे, न ही विरोध कर रहे थे। ये मनमाने ढंग से किए गए हमले थे।

# मॉस्को में विस्फोट के बाद राष्ट्रपति पुतिन की बंकरनुमा कार लिमोजिन में आग लगी

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ऑरस सीनेट लिमोजिन कार में संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) मुख्यालय के पास विस्फोट के बाद आग लग गई। 275,000 पाउंड की यह गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। आसपास के लोगों ने आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले आग बुझाने का प्रयास किया। ब्रिटेन के न्यूज चैनल जीबीएन ने 29 मार्च को प्रसारित खबर में यह जानकारी दी गई है। माना जा रहा है कि आग कार के इंजन में लगी। इसके तुरंत बाद उसके इंटीरियर में आग फैल गई। सड़क पर धुआं फैला तब आसपास के रेस्तरां के कर्मचारी मदद के लिए पहुंचे। सामने आए एक वीडियो फुटेज में कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पता नहीं चल पाया है कि विस्फोट किस वजह से हुआ। बताया जा रहा है कि यह कार क्रेमलिन के प्रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी



मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की है।उल्लेखनीय है कि ऑरस लिमोजिन कार को खासतौर से पुतिन के लिए बनाया गया है। इसका डिजाइन रूस की कंपनी एनएएमआई ने तैयार किया है। इस मॉडल को रूस की सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च ऑटोमोबाइल और ऑटोमोटिव इंजन इंस?टीट्यूट ने मिलकर विकसित किया है। यह कार 6,700 मि.मी. (6.70 मीटर) लंबी है और इसका वजन 2,700 किलोग्राम है। कार पूरी तरह बुलेट प्रूफ है और इस पर गोलियों या बम का जरा भी असर नहीं पड़ता। चाहे गाड़ी पर बम फेंके या जमीन में रखकर विस्फोट किया जाए, यह कार नीचे से ऊपर तक पूरी तरह सेफ है। कार में सेल्फ कंटेन ऑक्सीजन सप्लाई सिस्टम है। टायर फ्लैट रबर से बने हैं। कार के अंदर ही सिक्योर लाइन कम्युनिकेशन सिस्टम है, जो दुनिया में कहीं भी बात करने की सुविधा देता है। यह कार कई तरह के घातक हथियारों से लैस है। इसके फीचर इस कार को एक बंकर में तबदील कर देते हैं।

## बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला, बाल-बाल बचे बलूच नेता और कार्यकर्ता

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक आत्मघाती हमलावर ने धरना स्थल पर खुद को उड़ा लिया। इस दौरान बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता बाल-बाल बच गए। हालांकि, विस्फोट में चार कार्यकर्ताओं के घायल होने की खबर है। बीएनपी-एम प्रमुख सरदार मेंगल बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेता डॉ महरंग बलूच की गिरफ्तारी के खिलाफ वाध से क्वेटा तक मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। प्रदर्शनकारी मस्तंग जिले में लकी पास के पास धरना दे रहे थे, तभी आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। मस्तंग के सहायक आयुक्त अकरम हरिफल ने बताया कि स्थानीय सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रैली स्थल के पास देखा। जब सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने भागने का प्रयास किया और खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। बीएनपी-एम प्रमुख मेंगल ने हमले के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सभी कार्यकर्ताओं के सुरक्षित होने की पुष्टि की। हा

# म्यांमार में भूकंप के बाद का बाद का मंजर खौफनाक, मांडले में मलबे में दबे लोगों के जीवत होने की उम्मीद क्षीण

**एजेंसी**

**नाएप्यीडॉ (म्यांमार)।** म्यांमार के मांडले शहर में भूकंप के बाद तबाही का मंजर खौफनाक है। समय गुजरने के साथ मलबे में दबे लोगों के जीवित होने की उम्मीदें कम होती जा रही हैं। म्यांमार और पड़ोसी थाईलैंड में आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 1,700 लोगों की मौत हो चुकी है। भूकंप के बाद की तीसरी रात लोगों ने खुले में सोकर बिताई। मांडले में सोमवार सुबह राहत और बचाव कार्य बेहद धीमी गति से शुरू हुआ है। यहां बहुत सूरज आसमान से आग बरसा रहा है। सवेरे का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। बैंकॉक पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, मांडले में चिपचिपी गर्मी ने बचाव कर्मियों को थका दिया है। शवों के सड़ने से उनकी पहचान करना मुश्किल हो सकता है। राहत और बचाव कर्मचारियों ने रविवार शाम मांडले में 55 घंटे से ज्यादा समय से मलबे में फंसी एक जीवित गर्भवती महिला को निकालने की कोशिश की। उन्होंने उसे निकालने के लिए उसका पैर काटा, लेकिन बाहर



निकालने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच, आज सुबह ईद-उल-फितर की नमाज के लिए लोग शहर की एक नष्ट हो चुकी मस्जिद के पास इकट्ठा हुए। आज यहां सैकड़ों लोगों का सामूहिक अंतिम संस्कार होने की उम्मीद है। शुक्रवार दोपहर को मांडले के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके कुछ मिनट बाद 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटकों से इमारतें ढह गईं। पुल गिर गए और सड़कें उखड़ गईं। भूकंप से मध्य म्यांमार में सबसे अधिक तबाही हुई है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने पीड़ितों की मदद के लिए 100 मिलियन से अधिक लोगों के लिए आपातकालीन सेवा शुरू की। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक मांडले से लगभग 1,000 किलोमीटर दूर है। बैंकॉक में शुक्रवार को भूकंप के समय निर्माणाधीन इमारत ढह गई थी। इसके मलबे करीब 78 लोगों के दबे होने की आशंका है। आज यहां हुई बारिश की वजह से राहत और बचाव कार्य को बंद कर दिया गया है। ढही हुई इमारतों के मलबे में जीवन के संकेतों की तलाश के लिए खोजी कुत्तों और थर्मल इमेजिंग ड्रोन को तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि मांडले म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। इरावदी नदी के पूर्वी तट पर स्थित इस शहर की जनसंख्या 1,225,553 (2014 की जनगणना) है।

# हिना खान

## की रिवीलिंग ड्रेस पर उमड़ा फैंस का गुस्सा, भड़के यूजर्स ने लगी दी क्लास





फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी हेल्थ को लेकर कठिन दौर से निकल रही हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी उन्होंने हार नहीं मानी। वह कई इवेंट्स में सक्रिय रहती हैं और अपनी प्रोफेशनल लाइफ पर भी पूरा ध्यान दे रही हैं। हाल ही में हिना खान एक अवॉर्ड शो में शामिल हुईं, जहां उनके लुक को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई।

**हिना खान का ग्लैमरस अंदाज**

अवॉर्ड शो में हिना खान ने रेड कलर का डीप नेक गाउन पहना था, जिसमें वह बहुत खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही थीं। उनका लुक और ग्रेस सबका ध्यान आकर्षित कर रहे थे। हिना ने कई पोज दिए, जिन्हें पैपराजी ने कैमरे में कैद किए। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं और फैंस ने उनके लुक की तारीफ की, उन्हें फाइटर गर्ल करार दिया।

**ट्रोल्स के निशाने पर हिना खान**

जहां एक ओर हिना खान के फैन्स उनकी साहसिकता और सुंदरता की सराहना कर रहे थे, वहीं कुछ ट्रोलर्स ने उनके लुक और आउटफिट को लेकर नकारात्मक टिप्पणियां की। कुछ यूजर्स ने उनकी बीमारी को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि वह झूठ बोल रही हैं। एक यूजर ने लिखा, अब उमराह करके आई हैं और अब ऐसी ड्रेस पहनी है। कुछ ट्रोलर्स ने उनके कैंसर से जुड़ी टिप्पणियां भी कीं और इसे झूठा करार दिया।

**पहले भी हो चुकी हैं ट्रोलिंग का शिकार**

हिना खान के लिए यह पहला मौका नहीं है जब उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भी कई बार उनके लुक और ड्रेसिंग सेंस पर सोशल मीडिया पर बहस हो चुकी है। हालांकि, हिना हमेशा ट्रोल्स को नजरअंदाज करती रही हैं और अपनी जिंदगी को अपने तरीके से जीने का विश्वास रखती हैं।

**फैंस ने किया समर्थन**

ट्रोलिंग के बावजूद हिना खान के फैन्स पूरी तरह उनके समर्थन में खड़े हो गए हैं। कई यूजर्स ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया और कहा कि हिना खान एक मजबूत महिला हैं, जो मुश्किल वक्त में भी खुद को संभाल रही हैं। एक फैन ने लिखा, हिना एक प्रेरणा हैं, वह जिस हिम्मत से अपनी बीमारी से लड़ रही हैं, वह बहुत काबिल-ए-तारीफ है।

**हिना खान का वर्क फ्रंट**

अगर हम हिना खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो, वह हाल ही में %गृहलक्ष्मी% शो में नजर आई थीं, जिसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अपनी बीमारी के बावजूद वह अपने काम में पूरी तरह एक्टिव हैं और अपने मजबूत इरादों से सभी को प्रेरित कर रही हैं।

## 4 महीने बाद जुड़वा बच्चों संग

# श्रद्धा आर्या

## ने शेयर की तस्वीरें,मिनटों में हुई वायरल

**%कुंडली भाग्य% फेम एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या इस समय मदरहुड लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। साल 2024 29 नवंबर को श्रद्धा के घर एक नहीं बल्कि 2 नन्हें मुन्नों की किलाकारियां गूंजी। श्रद्धा ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। हसीना ने पति राहुल नागल से एक बेटी और...**



कुंडली भाग्य फेम एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या इस समय मदरहुड लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। साल 2024 29 नवंबर को श्रद्धा के घर एक नहीं बल्कि 2 नन्हें मुन्नों की किलाकारियां गूंजी। श्रद्धा ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया।

हसीना ने पति राहुल नागल से एक बेटी और बेटे का स्वागत किया।

वहीं आज 29 मार्च को श्रद्धा के जुड़वा बच्चे 4 महीने के हो गए हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने जुड़वा बच्चों की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो चंद मिनटों में ही वायरल हो गई हैं। फैंस उनकी पोस्ट पर जमकर कमेंट भी कर रहे हैं।



इस तस्वीर में श्रद्धा दोनों बच्चों को गोद में लिए पोज दे रही हैं। जहां उनकी लाडली पिंक आउटफिट में प्यारी लग रही हैं। वहीं एक्ट्रेस के नन्हा शहजादा ब्लू आउटफिट में क्यूट लग रहा है। एक तस्वीर में श्रद्धा के दोनों बच्चे रेड आउटफिट में नजर आ रहे हैं।

## उस आदमी ने हमें गालियां दी, धमकी दी...अमृता अरोड़ा का दावा- उसने सैफ पर हमला किया



सैफ अली खान के साल 2012 के होटल विवाद में मलाइका अरोड़ा की बहन एक्ट्रेस अमृता अरोड़ा ने कोर्ट में गवाही दी है. शनिवार को अमृता मामले में गवाह के तौर पर कोर्ट में पेश हुईं. इस केस में सैफ अली खान एनआरआई बिजनेसमैन और उनके ससुर पर एक फाइव स्टार होटल में हमला करने के आरोपी हैं. कोर्ट में अमृता ने कहा है कि उन्होंने अपनी आंखों से देखा था बिजनेसमैन सैफ पर हमला कर रहा था.साल 2012 की बात है. सैफ अली खान अपने कुछ दोस्तों के साथ 22 फरवरी 2012 को मुंबई के एक होटल में डिनर करने के लिए गए थे. सैफ के साथ वहां अमृता अरोड़ा भी थीं. उसी दौरान वहां बड़ा विवाद हुआ और दोनों तरफ से मारपीट के आरोप लगाए गए थे. तब से मामले में केस चल रहा है.

**कोर्ट में अमृता अरोड़ा की गवाही**

इस केस में अमृता ने शनिवार को गवाही दी. उन्होंने कहा कि होटल ने उनके ग्रुप को एक सेपरेट जगह मुहैया कराई थी और वो लोग वहां क्वालिटी टाइम बिता रहे थे और खाना खा रहे थे तभी अचानक शिकायतकर्ता वहां आ पहुंचा और चिल्लाने लगा और गालियां देना शुरू कर दिया. उन्होंने कहा, हमने देखा कि कोई हमारी जगह में घुस आया है, बहुत तेज़ और गुस्से से भरी आवाज में हमसे उसने कहा कि चुप हो जाओ, शांत रहो. हम सब हैरान रह गए कि हुआ क्या है.

अमृता का कहना था कि जब सैफ अली खान वॉशरूम गए तो उन्होंने तेज़ आवाजें सुनीं, एक आवाज सैफ की थी और दूसरी उस एनआरआई बिजनेसमैन की. फिर उन्होंने देखा कि वो शख्स वहां आ पहुंचा जहां वो सभी बैठे थे और फिर सैफ पर हमला करने लगा. उन्होंने कहा, फिर सभी ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग कर दिया. फिर उस आदमी ने हमें गालियां देनी शुरू कर दी और हमें भयंकर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा.

**वहां कौन-कौन थे ?**

अमृता ने बताया कि जब एनआरआई बिजनेसमैन इकबाल शर्मा के साथ ये सारा विवाद हुआ उस वक्त वहां डिनर के लिए सैफ अली खान, करीना कपूर, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा और कुछ पुरुष दोस्त मौजूद थे. इस मामले में बिजनेसमैन ने भी आरोप लगाया है कि सैफ और उनके दोस्तों ने उनके ससुर रमन पटेल के साथ मारपीट की थी. इस मामले में सैफ के अलावा उनके दो दोस्त शकील लड़क और बिलाल अमरोही पर आईपीसी की धारा 325 के तहत चार्जशीट दाखिल किया गया है.

## 5500 स्क्रीन्स और 22 हजार से ज्यादा शोज, 'सिकंदर' ने रिलीज के साथ ही बना दिया ये रिकॉर्ड



सुपरस्टार सलमान खान और रश्मिका मंदाना की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा 'सिकंदर' 30 मार्च यानी रविवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हो चुकी है. एआर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बनी 'सिकंदर' ईद के मौके पर रिलीज की गई है. 'टाइगर 3' के बाद सलमान खान ने एक साल से ज्यादा समय का ब्रेक ले लिया था. 'सिकंदर' उनकी कमबैक फिल्म भी है. हालांकि उन्हें 'बेबी जॉन' और 'सिंघम 'अगेन' जैसी फिल्मों में देखा गया, लेकिन वहां बस उनकी छोटी सी झलक नजर आई थी. अब 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने आ गई है. फिल्म ने रिलीज के साथ ही एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, साजिद नाडियाडवाला का प्रोडक्शन भारत में 'सिकंदर' को बॉलीवुड की सबसे बड़ी रिलीज़ बनाने जा रहा है. ऐसा कहा जा रहा है कि 'सिकंदर' को देशभर में 5500 से ज़्यादा स्क्रीन पर रिलीज़ किया गया है और इसे 22,000 से ज़्यादा शो मिले हैं, जो किसी भी बॉलीवुड टाइटल के लिए अब तक का सबसे ज़्यादा नंबर हैं. फ़िलहाल, ऑनलाइन 19 हज़ार से ज़्यादा शो लिस्ट किए गए हैं और उन थिएटरों में करीब 3 हज़ार और शो जोड़े जाएंगे जहां ऑनलाइन बुकिंग मौजूद नहीं है.

**'छावा' से होगी 'सिकंदर' की टक्कर**

'सिकंदर' ने एडवांस बुकिंग के मामले में भी अच्छा-खासा कारोबार कर लिया है. हालांकि एडवांस बुकिंग ने 29 मार्च की शाम को तेज रफ्तार पकड़ी. 29 मार्च को रात 8 बजे तक, फिल्म ने लगभग 9 करोड़ रुपये (ब्लॉक सीटों के बिना) की कुल 300च टिकटें बेची हैं. हालांकि विकी कौशल की 'छावा' से कम बताए जा रहे हैं. एडवांस बुकिंग के मुताबिक 'छावा' के बाद 'सिकंदर' इस साल की दूसरी बड़ी फिल्म साबित हो सकती है.

**रविवार के दिन रिलीज हुई 'सिकंदर'**

आमतौर पर फिल्मों को शुक्रवार को रिलीज किया जाता है, लेकिन सलमान खान ने 'सिकंदर' को रविवार को रिलीज किया है. इसके पीछे की वजह ईद और वीक डेज हैं, जिन्हें लेकर मेकर्स चाहते हैं कि फिल्म पूरे हफ्ते अच्छी कमाई करे. 'सिकंदर' से उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म सलमान खान के करियर के लिए बेहतर साबित होगी.

## जागतोली में बनेगा मिनी स्टेडियम

**रुद्रप्रयाग**
केदारनाथ विधानसभा के दशज्यूला के जागतोली में मिनी स्टेडियम का कार्य शुरू हो गया है। मिनी स्टेडियम में 200 मीटर दौड़ के लिए 6 लेन का ट्रेक बनेगा। साथ ही कबड्डी कोर्ट, खो-खो कोर्ट, वॉलीबाल कोर्ट, फुटबाल कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। यहां, अलग-अलग शौचायल की सुविधा भी होगी। मैदान के चारों तरफ दर्शकों को बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी। मैदान में खेल सामग्री रखने के लिए स्टोर भी बनाए जाएंगे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा में शामिल जागतोली में मिनी स्टेडियम का सपना अब साकार होने वाला है। 98.72 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम का कार्य भूमि पूजन के साथ शुरू हो गया है। शासन स्तर पर मिनी स्टेडियम निर्माण की जिम्मेदारी को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड को दी गई है। इस मैदान में निर्माण कार्य की देखरेख युवा कल्याण विभाग द्वारा की जाएगी। मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर है। जागतोली दशज्यूला महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष जयवर्धन कांडपाल और महासचिव कालिका कांडपाल का कहना है कि जागतोली मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। दशकों पुराने इस मैदान में स्थानीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही मेला-महोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। साथ ही इस मैदान में युवा सेना भर्ती की तैयारी भी करते हैं। अब, मिनी स्टेडियम बनने से यहां जिला व राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं हो सकेगी, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। इधर, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी ने बताया कि मिनी स्टेडियम में 200 मीटर दौड़ के लिए 6 लेन का सिंथेटिक ट्रेक बॅनाया जाएगा। मैदान में फुटबाल, वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो के लिए अलग-अलग कोर्ट तैयार किए जाएंगे, जिससे आने वाले समय में न्याय पंचायत, ब्लॉक व जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के साथ ही विद्यालयी और अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन यहां हो सकेगा। केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल ने बताया कि बीते वर्ष मुख्यमंत्री ने जागतोली में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की थी, जो अब पूरी हो रही है। यह मिनी स्टेडियम स्थानीय सहित जनपद की खेल प्रतिभाओं को निखारने में अहम साबित होगा।

# महादेव सेना द्वारा भारतीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित





**दिव्या दिल्ली** : महादेव सेना द्वारा दिल्ली के मंगोलपुरी में भारतीय नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई, इसके बाद महादेव सेना के सदस्यों और सम्मानित अतिथियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने एक-एक कर मंच पर आकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और सनातन धर्म को अपनाने तथा उसके




मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महादेव सेना के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर दंड वितरण किया और उपस्थित सभी लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने और बुराई के खिलाफ साहस से लड़ने की प्रेरणा दी। इस धार्मिक कार्यक्रम के समापन पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसके बाद सभी अतिथि भक्ति में लीन हो गए और वातावरण में भक्ति की उमंग छा गई।

## दिल्ली सरकार हर वर्ष मनाएगी राजस्थान स्थापना दिवस- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**दिव्या दिल्ली**
**दिल्ली के** शाह ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान प्रकोष्ठ, दिल्ली द्वारा संयोजक श्रीराम अटल के संयोजन में राजस्थान स्थापना दिवस एवं गणगौर महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमे दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मुख्य उपस्थिति रही। ऑडिटोरियम और बाहर के मैदान में आए हुए विशाल राजस्थानी समूह के सामने जब मंच पर मुख्यमंत्री आई तो जनसमूह का उत्साह अद्भुत था तभी मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में घोषणा की कि अगले वर्ष से दिल्ली सरकार द्वारा प्रति वर्ष राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जाएगा क केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभी राजस्थानी भाई बहिनों को राजस्थान दिवस, हिन्दू नव वर्ष एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं दी क शेखावत ने देश में राजस्थानियों के योगदान के बारे में बताते हुए कहाँ कि अंग्रेजों से लड़ाई से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक राजस्थानियों का देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है

प्रदेश संयोजक सीए श्रीराम अटल और स्वागताध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिवादन किया

सीए श्रीराम अटल ने इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली में राजस्थान की बड़ी आबादी को देखते हुए भाजपा राजस्थान प्रकोष्ठ का गठन किया। राजस्थानियों को दिए इस सम्मान के लए सभी राजस्थानी प्रवासी हार्दिक आभारी है ककार्यक्रम में भाजपा



के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, विधानसभा उपाध्यक्ष श्री मोहन सिंह बिष्ट, विधायक राजकुमार भाटिया, विधायक अजय महावर, अशोक ठाकुर, संदीप कपूर, समाजसेवियों में कन्हैयालाल जैन पटवारी जी, शुभकरण बोथरा जी, डॉ एस.एस.अग्रवाल जी, सुखराज सेठिया जी, डॉ एस एन चांडक जी, पारसमल जैन जी, अनुराग गर्ग जी, पन्नालाल बेद जी सहित कई गणमान्य व्यक्तियो की उपस्थिति रही ककार्यक्रम का संचालन राजीव गुगलानी ने किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मरू कोकिला सीमा मिश्रा जी, सुप्रसिद्ध राजस्थान लोक गायिका रही कमहिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गणगौर प्रतियोगिता बहुत ही आकर्षक रह।

कार्यक्रम संयोजक समिति में प्रदेश संयोजक सीए श्रीराम अटल, सज्जन शर्मा, दिलीप सिंह राठौड़, सीए विनोद बलदेवा,सज्जन सिंह चौहान, मंगल राजपुरोहित, महेश रांदर, मनोज साबू, कमलेश यादव, बसंत महेरिया, भूपेन्द्र गोठवाल, ललित मेहता, गोपाल बिहानी, डॉ ईश्वरदान, बनवारी लाल स्वामी, महेश कोठारी, नारायण माहेश्वरी, राजकुमार फलवरिया, दीपाराम चौधरी, प्रवीण रतनू, नवरत्न सचेती, पवन गिरिया, चंद्रपाल बेरवा, सुरेंद्र चौधरी, पवन लखोटिया, प्रदीप मोहन चंदोलिया, योगेश जाजू, एडवोकेट किशन लाल, प्रवीण जैन, मनोज साबू, मुकेश मालपानी, राकेश जाजू, अंकुर रस्तोगी, हरीश सारडा, पवन डागा, अभय कुमार रांका, प्रदीप लखोटिया, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप लाहोटी, कान सिंह राजपुरोहित, ओमप्रकाश गूगरवाल,कमलकांत व्यास, जे डी राजपुरोहित, योगेश शर्मा , मनोज शर्मा, मनोज बाफना , भैरव राजपुरोहित , संजय सोमानी, पुरुषोत्तम काबरा, राजेश शर्मा, संजीव कुमार पुनिया सहित अनेकों कार्यकताओं की टीम रही क सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक समिति में किरण लढ़ा, श्रीमती मोनिका माहेश्वरी, रिंकू रंका, जयश्री अटल, कुसुम लूनिया, नीरू लाहोटी, सुनीता अग्रवाल, शालू सोनी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सुन्दर संयोजन किया।

## Vidya Temple Academy का प्रमुख कार्यक्रम: आत्मरक्षा प्रशिक्षण और खेलों में अंतरराष्ट्रीय सफलता की ओर एक कदम"





**दिव्या दिल्ली : Vidya Temple Academy** द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे मास्टर देवेंद्र ने सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मेयर डॉ. शेली ओबेरॉय, MCD काउंसलर अंकुश नारंग, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत सादगी और गरिमे से अतिथियों के स्वागत के साथ की गई। इस अवसर पर, Vidya Temple द्वारा महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करने के महत्व पर चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण हर लड़की के लिए न केवल अत्यंत आवश्यक है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। Vidya Temple की टीम ने खेलों में नैशनल स्तर तक प्रदर्शन किया। और विदेशों में भारत का नाम रोशन किया है। जो भारतीय खेल समुदाय के लिए गर्व की बात है। **Academy** की कुछ महिलाओं ने गोल्ड मेडल भी जीते हैं। जो उनके समर्पण और मेहनत का प्रतीक हैं।अभी हाल ही में, Vidya Temple की तीन छात्राओं को रूस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। जो उनके लिए एक शानदार उपलब्धि है और देश को गर्व महसूस कराता है।

## सुप्रीम कोर्ट का प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट से जुड़े मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट से जुड़े मामले में दायर नई याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इस मामले पर इतनी याचिका दायर करने का कोई मतलब नहीं है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि पहले से लंबित प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट को लेकर दायर याचिका में ही हस्तक्षेप याचिका दायर करने की अनुमति है। याचिका लॉ स्टूडेंड नितिन उपाध्याय ने दायर की थी। याचिका में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के प्रावधानों को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दाखिल याचिका पर 12 मार्च 2021 को नोटिस जारी किया था लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल नहीं किया है। कांग्रेस, सीपीआईएम और सपा ने वर्शिप एक्ट के समर्थन में याचिका दाखिल की है। सपा की सांसद इकरा हसन की याचिका में कहा गया है कि यह एक्ट देश के धर्मनिरपेक्ष ढांचे के मुताबिक है। इसमें कोई भी बदलाव सामाजिक समरसता के लिए ठीक नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट में इस एक्ट के समर्थन और विरोध में पहले से कई अर्जी लंबित हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के जरिये दायर याचिका में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट का बचाव करते हुए कहा गया है कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए जरूरी है। कांग्रेस ने अपनी अर्जी में कहा है कि इस एक्ट में किसी भी तरह का बदलाव सांप्रदायिक सद्भाव और धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरे में डाल सकता है। याचिका में कहा गया है कि इस एक्ट की परिकल्पना 1991 से पहले की गई थी और अगर इसे हटाया जाता है तो राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता को खतरा हो सकता है।

## एमएसएमई में निवेश और टर्न ओवर की सीमा बढ़कर हुई ढ़ाई गुना

**भोपाल**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढ़ाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि इस नए बदलाव से मध्य प्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्?म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर



वित्तीय पहुंच हो सकेगी। जनसंपर्क अधिकारी राजेश बैन ने मंगलवार को बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना अनुसार 1 अप्रैल 2025 से सूक्ष्म उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की गई है। पूर्व में निवेश की सीमा एक करोड़ तथा टर्न ओवर (कारोबार) की सीमा 5 करोड़ रुपये थी। इसी तरह लघु उद्यम श्रेणी में निवेश की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ और करोबार की सीमा को 50 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया गया है। मध्यम उद्यमों में निवेश की सीमा अब 125 करोड़ होगी तथा टर्न ओवर 500 करोड़ का होगा। पहले यह सीमा निवेश के लिये 50 और कारोबार के लिये 250 करोड़ नियत थी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने भी 21 मार्च 2025 को तत्संबंध में अधिसूचना जारी की है।

## राजस्थान में फैक्टरी से गैस लीक, तीन की मौत

**अजमेर**
**राजस्थान** के ब्यावर के बाड़िया क्षेत्र में तेजाब फैक्टरी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत अब भी गंभीर है। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों को ब्यावर और अजमेर के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। गैस के असर से कई पालतू जानवरों और लावारिस कुत्तों की भी मौत हुई है। यह वाकया ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात हुआ है। हादसे में कंपनी मालिक सुनील सिंघल की मौत हो गई, जो रातभर गैस को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अजमेर रेफर किया गया। सोमवार रात को ही उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह एक और पीड़ित नरेंद्र सोलंकी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# भारतीय रचनात्मक कौशल संस्थान (IICS) ने दिल्ली क्रिएटिव आर्टिस्ट्स समिट का सफल आयोजन किया

**दिव्या दिल्ली**
भारतीय रचनात्मक कौशल संस्थान ने दिल्ली क्रिएटिव आर्टिस्ट्स समिट का सफल आयोजन किया जिसमें डांस इंडिया डांस, नच बलिए और इंडियाज ग्रेटेस्ट डांसर जैसे शो के जज और लगान जैसी बहुचर्चित फिल्म के कोरियोग्राफर रहे देश के मशहूर डांसर टेरेंस लुईस ने कहा कि फिल्मों की कोरियोग्राफी से स्टेज परफार्मेंस बहुत ज्यादा रोमांचकारी है। स्टेज पर प्रतिभागी को अपनी प्रतिभा दिखाने की असीम संभावना होती है जबकि फिल्मों में डांस की कोरियोग्राफी अभिनेता या अभिनेत्री की डांस करने की क्षमता को देखते हुए की जाती है। इस वजह से उसमें बहुत नया करने की संभावना कम हो जाती है। लुईस नई दिल्ली स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव स्किल्स (IICS) में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। IICS ने दिल्ली क्रिएटिव आर्टिस्ट्स समिट का आयोजन किया था। 28 और 29 मार्च को आयोजित इस दो दिवसीय समिट में डॉ. टेरेंस लुईस और संगीतकार, गीतकार और गायक हनीफ शेख जैसी मशहूर शख्सियतें शामिल हुईं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव स्किल्स जिसे हिंदी में भारतीय रचनात्मक कौशल संस्थान के नाम से जाना जाता है, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) से संबद्ध संस्था है। इसका संचालन कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (टरऊए) के तत्वावधान में मीडिया एवं मनोरंजन कौशल परिषद (टढरउ, एनएसडीसी द्वारा वित्त पोषित) करता है। IICS ने हाल ही में दिल्ली क्रिएटर्स समिट का आयोजन किया था। संस्थान अब मीडिया उद्योग के लीडर्स और महत्वाकांक्षी कलाकारों को विकास और नवाचार के लिए एकजुट करने के अपने मिशन के तहत दिल्ली क्रिएटिव आर्टिस्ट्स समिट का आयोजन किया। इस समिट के दौरान फिल्म, टेलीविजन, संगीत और मीडिया इंडस्ट्री के बेहद प्रभावशाली लोग एक मंच पर दिखे।समिट के पहले दिन 28 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित कोरियोग्राफर और नृत्य शिक्षक डॉ. टेरेंस लुईस ने इंटरैक्टिव सत्र की मेजबानी की। लुईस ने प्रतिभागियों के सवालों का बेहद सरल तरीके से जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया और उनके सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रेरित किया। लुईस मीडिया और मनोरंजन काउंसिल के



गवर्निंग काउंसिल के सदस्य हैं। मशहूर संगीत निर्देशक, संगीतकार और गीतकार हनीफ शेख ने 29 मार्च को एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान प्रतिभागियों को संगीत की बारीकियों के बारे में चर्चा की। इसके अलावा क्क्ष्ठर के स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड मीडिया मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डिम्पी मिश्रा ने एक अभिनय कार्यशाला का भी आयोजन किया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस समिट ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। इस समिट के दौरान इसमें भाग लेने वालों को इंटरैक्टिव सत्रों के अलावा कार्यशालाओं में और पैनल चर्चा में भाग लेने का दुर्लभ अवसर मिला। ये सत्र प्रतिभागियों को रचनात्मक कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए जरूरी कौशल और नॉलेज से लैस करने के लिए ही डिजाइन किए गए थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद (NSDC) के सीईओ व NSDC INFORMATION के प्रबंध निदेशक वेद मणि तिवारी ने कहा कि IICS का मकसद से देश भर के युवाओं की छिपी सृजनात्मक प्रतिभा को निखार कर Skill Inida के उद्देश्य को पूरा करना है। इसकी शाखाएं देश के विभिन्न भागों में खोली जाएंगी। इससे देश की राजधानी से दूर बैठे युवाओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। मीडिया एंड एंटरटेंमेंट स्किल्स काउंसिल (MESC) के सीईओ डॉ. मोहित सोनी ने इस अवसर पर कहा, " भारतीय रचनात्मक कौशल संस्थान (IICS) में हम रचनात्मकता को पोषित करने और अपने छात्रों को इंडस्ट्री के लीडर्स तक सीधी पहुंच प्रदान करने में विश्वास करते हैं।" दिल्ली क्रिएटिव आर्टिस्ट्स समिट महत्वाकांक्षी कलाकारों और स्थापित पेशेवरों के बीच की खाई को पाटने के हमारे मिशन का एक प्रमाण है। हमारा मिशन एक ऐसा माहौल तैयार करना है जहां ज्ञान और अनुभव को स्वतंत्र रूप से साझा किया जाता है।

जल्द ही शुरू होने वाला IICS सभी के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं का अनुभव करने के लिए खुला है। उन सभी के लिए पंजीकरण खुले हैं जो अपने कौशल को सफलता में बदलना चाहते हैं।" भारतीय रचनात्मक कौशल संस्थान (IICS) के बारे में: भारतीय रचनात्मक कौशल संस्थान (IICS) मीडिया, मनोरंजन और रचनात्मक उद्योगों में अगली पीढ़ी के क्रिएटर्स, लीडर्स और उद्यमियों को सेप देने के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। ये अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, विश्व स्तरीय उद्योग सलाहकारों और उद्योग-संरेखित कार्यक्रमों के साथ छात्रों का भविष्य संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। क्क्ष्ठर यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छात्र प्रतिभा को पोषित करके और मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए पेशेवर प्रशिक्षण में नए मानक स्थापित करके आज की गतिशील दुनिया में सफल होने के लिए कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास से लैस हो।

इस अवसर पक फिल्म निमार्ता और क्क्ष्ठर की चीफ मेंटोर केतकी पंडित ने कहा कि हम संस्थान के प्रत्येक छात्र के सपने को पूरा करने के लिए उसके हुनर को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह हमारे वेबसाइट www.iicsindia.org द्वारा हमसे जुड़ सकते हैं

Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397